# पटाखा फैक्ट्री विस्फोट: घायल नाबालिग ने दम तोड़ा

## मकान के भीतर अवैध रूप से बनते थे पटाखे, एक दर्जन के खिलाफ मुकदमा

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** रतनपुरी थाना क्षेत्रा के गांव मोहम्मदपुर माफी में अवैध रूप से संचालित पटाखा फैक्ट्री में हुए भीषण विस्फोट के मामले में घायल एक नाबालिग बच्चे की रविवार को दिल्ली के अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने मकान मालिक समेत करीब एक दर्जन नामजद और कई अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश तेज कर दी है।

शनिवार सुबह गांव में स्थित एक मकान के अंदर चल रही अवैध पटाखा इकाई में अचानक जोरदार धमाका हुआ, जिसके बाद आग भड़क उठी। विस्फोट इतना तेज था कि मकान का लेंटर और दीवारें तक हिल गईं। धमाके की आवाज से पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने देखा कि अंदर काम कर रहे मजदूर और तीन नाबालिग बच्चे गंभीर रूप से झुलस गए हैं।

सूचना मिलते ही रतनपुरी पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। इसके बाद रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर घायलों को बाहर निकालकर अस्पताल भेजा गया। गंभीर रूप से झुलसे नाबालिगों को प्राथमिक उपचार के बाद दिल्ली रेफर किया गया था, जहां इलाज के दौरान कासिम पुत्र कादिर ने दम तोड़ दिया।

अन्य दो बच्चे अभी भी अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहे हैं। घटना के बाद प्रशासनिक अमले में भी हलचल मच गई। डीएम उमेश मिश्रा और एसएसपी संजय वर्मा ने मौके का निरीक्षण कर घटना की जानकारी ली और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए।

पुलिस जांच में सामने आया है कि मकान के भीतर अवैध रूप से पटाखा निर्माण का कार्य कराया जा रहा था, जहां स्थानीय और बाहरी मजदूर काम करते थे। इस मामले में पुलिस ने मकान मालिक उमरेज समेत कई लोगो मजहद, अरशद, मोहम्मद मियां, सौरभ, रियासत, शमशाद, अब्दुल रहमान, आलम आदिक को नामजद करते हुए संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

फिलहाल पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है और कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ भी की जा रही है। उधर, मासूम की मौत से परिवार में मातम पसरा हुआ है और गांव में शोक की लहर बनी हुई है।

# खेत की मेढ़ के विवाद ने लिया खूनी रूप, युवक को गोली मारी

■ बाइक सवार युवकों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर फैलाई दहशत

**खतौली।** रतनपुरी थाना क्षेत्र के गांव समौली में खेत की मेढ़ को लेकर हुआ मामूली विवाद शनिवार रात खूनी झड़प में बदल गया। 22 वर्षीय रिंकू पर बाइक सवार युवकों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी हालत नाजुक देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार, रिंकू का गांव के ही मंजीत से खेत की मेढ़ को लेकर शनिवार दोपहर कहासुनी हो गई थी। उस समय ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर मामला शांत करा दिया था। लेकिन रात करीब 10 बजे, जब रिंकू अपने ताऊ तेजपाल और परिजनों के साथ ट्रैक्टर-ट्रॉली से भूसा उतार रहा था, तभी बाइक पर सवार तीन युवक वहां पहुंचे और उस पर अचानक फायरिंग शुरू कर दी। एक गोली रिंकू की कनपटी के पास लगी, जिससे वह मौके पर ही गिर पड़ा। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। गोली चलने की आवाज सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने घायल को तुरंत खतौली के अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उसे गंभीर हालत में रेफर कर दिया गया। सूचना मिलते ही सीओ फुगाना यतेंद्र नागर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और परिजनों से घटना की जानकारी ली। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपियों की पहचान के लिए आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। रतनपुरी पुलिस का कहना है कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं और जल्द ही उन्हें पकड़ लिया जाएगा। घटना के बाद गांव में तनाव और दहशत का माहौल बना हुआ है।

### नशा तस्करी में नाम निकालने के नाम पर थाने की डील का ऑडियो वायरल

**मुजफ्फरनगर।** तितावी थाने के नाम पर लाखों रूपये की डील का दावा करने वाला ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमे नशा तस्करी के एक मामले में महिला का ऑडियो वायरल हो रहा है जिसमें महिला दावा कर रही है कि उसने पूरी रकम दे दी इसके बावजूद भी पुलिस ने दबिश दी। हालांकि इस ऑडियो का प्रशासनिक स्तर पर कोई पुष्टी सामने नहीं आई है। हालाकि एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने जांच एसपी देहात अक्षय संजय को दी है जिसके बाद जांच के तथ्य सामने आने के बाद ही कार्यवाही करने की बात कही जा रही है।



मुजफ्फरनगर: जैन कन्या पाठशाला संस्था की प्रबंध समिति में चुने गए पदाधिकारी।

# मंत्री कपिल देव के आवास पर पहुंचे क्रांति गुरु चंद्रमोहन

■ नशा मुक्त समाज का दिया संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** हिंद किसान मजदूर समिति एवं परमधाम आश्रम के संस्थापक क्रांति गुरू श्री चंद्रमोहन महाराज ने राज्यमंत्री कपिल देव के आवास पर पहुंचकर उनसे मुलाकात कर राजनीतिक और सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की। यहां मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने परिजनों व अन्य समर्थकों के साथ उनका शॉल औढ़ाकर स्वागत किया।

मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि 'गुरु चंद्रमोहन का सान्निध्य समाज के लिए अत्यंत प्रेरणादायी है। उनके विचार एवं मार्गदर्शन से लोगों को सकारात्मक दिशा और आध्यात्मिक ऊर्जा प्राप्त होती है। उन्होने कहा कि क्रांति गुरू द्वारा युवाओं को नशा से दुर रखने और जातिविहीन सामाजिक संगठन बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाए है जो सराहनीय है। मंत्री ने बताया कि लाखों युवा इस विचारधारा से जुड रहे है।

इस दौरान उपस्थित सभी लोगों ने गुरुजी का आशीर्वाद प्राप्त कर स्वयं को धन्य महसूस किया।



मुजफ्फरनगर: अपने आवास पर चंद्रमोहन महाराज का स्वागत करते मंत्री कपिल देव अग्रवाल।

# जैन कन्या पाठशाला प्रबंध समितियों का चुनाव सम्पन्न

## राजेश जैन अध्यक्ष, महीपाल उपाध्यक्ष चुने गए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जैन शिक्षण संस्थाओं के संचालन को प्रबंध समितियों के त्रिवर्षीय व पंचवर्षीय कार्यकाल के लिए निर्वाचन प्रक्रिया निर्विरोध रूप से सम्पन्न हुई।

शहर के मेरठ रोड और प्रेमपुरी व नई मंडी में स्थित जैन कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज की प्रबंध समितियों के आगामी तीन वर्षों एवं जैन कन्या पाठशाला (पीजी) कॉलेज की प्रबंध समितियों के आगामी पंचवर्षीय कार्यकाल का चुनाव कराया गया। जैन कन्या पाठशाला (पीजी) कॉलेज निर्वाचन प्रक्रिया इंटर कॉलेज के लिए निर्वाचन अधिकारी गांधी कॉलोनी एसडी कन्या इंटर कॉलेज प्रधानाचार्य मोनिका व विभागीय पर्यवेक्षक ललित मोहन गुप्ता प्रधानाचार्य, राजकीय हाईस्कूल, रसूलपुर की देखरेख में सम्पन्न हुई।

वहीं डिग्री कॉलेज के लिए निर्वाचन अधिकारी आशीष जैन (प्रधानाचार्य, राजकीय इंटर कॉलेज, बहादरपुर) और विभागीय पर्यवेक्षक प्रोफेसर सतीश कुमार (एसडी कॉलेज) की मौजूदगी में प्रक्रिया पूरी की गई। चुनाव में किसी भी पद के लिए मुकाबला नहीं हुआ और सभी पदाधिकारी सर्वसम्मति से चुने गए, जिससे संस्थाओं में एकजुटता और सहयोग की भावना परिलक्षित हुई।

वहीं मेरठ रोड स्थित जैन कन्या पाठशाला पीजी कॉलेज की नवनिर्वाचित प्रबंध समिति में राजेश जैन को अध्यक्ष, महीपाल जैन को उपाध्यक्ष, संजय जैन को सचिव, नीरज जैन को सह सचिव और पवन जैन को कोषाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। सदस्य के रूप में राजेंद्र जैन, राजीव जैन, योगेंद्र जैन, प्रवीण कुमार जैन और सुगंध जैन को शामिल किया गया।

# सीबीआई अधिकारी बनकर ठगी में दो जालसाज गिरफ्तार

## शाहपुर पुलिस टीम ने 2 लाख 760 रुपये का कैश बरामद किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहपुर।** थाना शाहपुर पुलिस द्वारा कार्यवाही कर फर्जी कस्टम अधिकारी/सीबीआई अधिकारी बनकर ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड किया गया। एसएसपी संजय कुमार वर्मा, एसपी देहात अक्षय संजय, सीओ बुढ़ाना गजेन्द्र सिंह के साथ शाहपुर पुलिस ने मीडिया से जानकारी साझा करते हुए बताया कि इकरा पुत्री हारुन निवासी हुजूरनगर ने बताया था कि मौज के जरिये व्हाटसएप पर एक हिदायतुल्लाह खान नाम व्यक्ति से बातचीत हुई । जिसके द्वारा फर्जी कस्टम अधिकारी/सीबीआई अधिकारी बनकर ब्लैकमेल कर व डरा-धमकाकर पीडिता व उसके परिजनों से कई बार में करीव पांच लाख की जबरन वसूली की गयी है। थाना शाहपुर एवं सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीमों का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम द्वारा विवेचना के दौरान प्रकाश में आई 01 अभियुक्ता व 01 अभियुक्त को मुखबिर की सूचना पर हजूरनगर मार्ग से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्ता व अभियुक्त के कब्जे से 03 डेबिट कार्ड, 03 मोबाइल, 01 फर्जी आईडी कार्ड, 01 फर्जी सर्च वारण्ट की छायाप्रति, 01 बैंक पासबुक, 01 चेक बुक व 2,00760/- रूपये नगद बरामद किये गये।अभियुक्तगण की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना शाहपुर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पता इस प्रकार है। रोजी पुत्री मौ0 मकसूद निवासी टी 86 बी हजरत निजामुद्दीन सराय काले खां दिल्ली उम्र करीब 24 वर्ष, मंसूर अहमद पुत्र मनव्वर अली निवासी गांव शेखपुरा तुर्क पोस्ट जीतपुर पलडी नगीना जिला बिजनौर उ0प्र0 वर्तमान पता 26/21 शहदुल्ला जाब कॉलोनी एमबी रोड पोस्ट महरोली दक्षिणी दिल्ली उम्र करीब 26 वर्ष। प्रारम्भिक पूछताछ में गिरफ्तार की गयी अभियुक्ता व अभियुक्त द्वारा बताया गया कि सोशल मीडिया के माध्यम से मुजफ्फरनगर की रहने वाली इकरा पुत्री हारून से सम्पर्क हुआ था, ठगी करने के उद्देश से इकरा को बहन बना लिया था। जिसके बाद मंसूर इकरा से बात करने लगा था और विश्वास में लेकर एक दिन मंसूर ने इकरा को बताया कि मै आपको गिफ्ट भेज रहा हूँ, जिसके बाद हम लोगो ने इकरा को दूसरे नम्बरों से कॉल कर उसे फर्जी सीबीआई अधिकारी की आईडी भेज कर तथा फर्जी सर्च वारण्ट तैयार भेजे।

उसके बाद इकरा से हमने ब्लैकमेल कर व डरा धमकाकर करीब 05 लाख रूपये विभिन्न खातों में डलवा लिये। गिरफ्तार अभियुक्तगण के द्वारा अन्य लोगों से भी इसी प्रकार ऑनलाईन फर्जी सीबीआई व कस्टम अधिकारी बनकर ठगी की गयी है। पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्तगण के विस्तृत आपराधिक इतिहास के बारे में जानकारी की जा रही है।

# अक्षय तृतीया: भगवान परशुराम को किया नमन

## हवन-पूजन में उमड़े श्रद्धालु डॉ. सत्येंद्र पाल ने बताया महत्व

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** अक्षय तृतीया एवं भगवान परशुराम जन्मोत्सव के पावन उपलक्ष्य में रविवार को शिवनगर गांधी कॉलोनी स्थित परशुराम महादेव मंदिर में हवन पूजन का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम में समाजवादी शिक्षक सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष डाक्टर सत्येंद्र पाल समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आहुति देकर पुण्य लाभ अर्जित किया। पंडितों के आचार्यत्व में विधि विधान से भगवान परशुराम का अभिषेक, श्रृंगार व हवन संपन्न हुआ। हवन में श्रद्धालुओं ने आहुतियां दी। कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राकेश शर्मा, सपा



शिक्षक सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉक्टर सत्येन्द्र पाल, सपा महानगर अध्यक्ष पुष्पेन्द्र कुमार उर्फ बॉबी त्यागी, जिला सचिव अनेश निर्वाल, वरिष्ठ सपा नेत्री डॉक्टर मोनिका सिंह, रविंद्र पाल, शौर्य भारद्वाज व सागर कश्यप आदि मोजूद थे। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राकेश शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम सत्य, न्याय व धर्म के प्रतीक हैं। हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेकर समाज में भाईचारा बढ़ाना चाहिए। समाजवादी शिक्षक सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉक्टर सत्येन्द्र पाल ने कहा कि अक्षय तृतीया का दिन अबूझ मुहूर्त माना जाता है। इस दिन किया गया दान पुण्य अक्षय फल देता है।

हवन पूजन के बाद मंदिर परिसर में भजन कीर्तन का आयोजन हुआ। महानगर अध्यक्ष बॉबी त्यागी व जिला सचिव अनेश निर्वाल ने आए हुए सभी श्रद्धालुओं का आभार जताया व मंदिर समिति के इस सफल आयोजन के लिए साधुवाद भी दिया।

# पुस्तक मेले में निजी बुक सेलरों का हंगामा

■ विरोध के बाद मेला स्थगित, पुलिस ने स्थिति संभाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** डीएवी कॉलेज में आयोजित पुस्तक मेले में उस वक्त हंगामा हो गया जब निजी बुक सेलरों ने केवल एक नामित बुक सेलर को स्टाल लगाने की अनुमति दिए जाने पर यहां बखेडा खडा कर दिया। कॉलेज प्रशासन की सूचना पर सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हंगामा कर रहे निजी बुक सेलरों को बाहर निकाला जिसके बाद कॉलेज प्रशासन को मेला स्थगित करने का निर्णय लेना पड़ा।

दरअसल रविवार को डीएवी कॉलेज में पुस्तक मेला लगाया गया था जिसमें निजी बुक सेलरों ने आरोप लगाया कि कॉलेज प्रशासन ने केवल एक ही बुक सेलर को स्टाल लगाने की अनुमति दी अन्य विक्रेताओं को बाहर रखा गया। उन्होने आपत्ति जताई कि मेले में एनसीईआरटी की किताबों के साथ-साथ निजी प्रकाशकों की किताबे भी बेची जा रही थी। इसी मुद्दे पर निजी बुक सेलरों ने विरोध जताया तो मामला हंगामे तक पहुंच गया। सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और यहां हंगामा करने वाले निजी बुक सैलरों को बाहर निकाला जिसके बाद तत्काल प्रभाव से पुस्तक मेले को स्थगित कर दिया गया।







# धर्मांतरण में भाकियू नेता सहित चार पर मुकदमा, एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** क्षेत्र के भाकियू नेता पर 15 वर्ष पूर्व नाबालिग युवक को बहका फुसलाकर मजदूरी कराने तथा साथियों संग मिलकर उसका धर्मांतरण कराने का आरोप पुलिस द्वारा लगाया गया है। पुलिस ने चार व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज के एक आरोपी भाकियू नेता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

थाना भोपा क्षेत्र के गांव सीकरी निवासी अफसर अली के घर पर राकेश कुमार शर्मा 30 वर्ष लगभग निवासी हरिद्वार बीते 15 वर्षो से रहकर नोकरी करता था।बीते गुरुवार को राकेश शर्माका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।जिसमें वह नमाज पढ़ रहा था।वीडियो वायरल होने के बाद हिन्दू संगठनों में रोष व्याप्त हो गया। शनिवार की रात हिन्दू संघर्ष समिति संयोजक नरेंद्र पँवार उर्फ साधु गुर्जर थाना भोपा पर पहुंचे। जहाँ राकेश ने बताया कि अफसर कुरैशी के रिश्तेदार तीन युवक भोकरहेड़ी स्थित मस्जिद में ले गए थे।जहां उन्होंने 100 रुपये का लालच देकर उसे नमाज पढ़ने को कहा। तथा मोबाइल से उसकी वीडियो बनाई।मामले में अफसर कुरैशी द्वारा उक्त तीन युवकों पर षडयंत्र रचने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई करने की मांग की गयी।

रविवार को पुलिस ने अफसर कुरैशी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।थाना प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह ने बताया कि अफसर कुरैशी द्वारा 15 वर्ष पूर्व राकेश कुमार शर्मा को बहका फुसलाकर व्यहपरण कर अपने घर लाने व उसे दास बनाकर अपने घर मे रखने अपने साथियों के साथ मिलकर साजिश के तहत राकेश शर्मा का धर्मांतरण कराने का प्रयास करते हुए कस्बा भोकरहेड़ी मस्जिद में नमाज पढ़वाने तथा नमाज पढ़ते समय की वीडियो बनाकर वायरल कर शत्रुता,घृणा एवं वैमनस्यता की भावना फैलाने का प्रयास करने को लेकर अफसर अली,सलमान पुत्र सलीम निवासी सीकरी दानिश पुत्र इस्लाम निवासी ग्राम चितौडा थाना जानसठ,अनस पुत्र इलयास निवासी गांव बिहारी थाना सिखेड़ा के खिलाफ गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। एक अभियुक्त अफसर कुरैशी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।



# जैन बैंकर्स फोरम ने बांटा शर्बत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम, यूनिट के द्वारा भगवान् श्रीआदिनाथजी के प्रथम पारणा दिवस, (अक्षय तृतीया) के उपलक्ष में ईक्षुरस (गन्ने के रस) का शीतल पेयजल का वितरण किया।

जिसमे जैन बैंकर्स सदस्यों प्रवीण जैन, वाई.के जैन,आदीश् जैन, राजेंद्र जैन, हर्ष जैन, अनुज जैन,संजीव जैन, गोपी चंद जैन कु. नीति जैन, के साथ महिला जैन मिलन मेंन, मुजफ्फरनगर की महिला सदस्यों नीलम जैन, रुकमणि जैन निशा जैन,श्वेता जैन, अलका जैन, कुसुम जैन , रजनी जैन, एवम जैन मिलनश , मुजफ्फरनगर, मेंन के सदस्यों राकेश जैन,मनोज जैन , अमित जैन, कुसुम, दिशा जैनजैन,रीना जैन ने सपरिवार एवम कु प्रदीक्षा




जैन, कु.यशवी जैन, कृष्ण अग्रवाल, प्रदीप अरोड़ा, राजेंद्र मिश्रा विशेष रूप से योगदान कर लगभग, 1000 लोगो को गन्ने के रस का वितरण करने मे तन मन धन से सहयोग प्रदान किया।

# मदरसा इज़हारुल उलूम में वार्षिक जलसे का हुआ समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** क्षेत्र के कस्बा भोकरहेडी में स्थित मदरसा इज़हारुल उलूम में दो दिवसीय 56 वे सालाना जलसे का दुआ के उपरांत समापन हो गया।जलसे में धार्मिक विद्वानों ने धार्मिक व्याख्यान सहित सामाजिक उत्कृष्टता पर तकरीर की कार्यक्रम मे बड़ी संख्या में व्यक्तियों ने शिर. कत की वहीं कुरान हाफिज हुए छात्रों को सर्टिफिकेट प्रदान किये गये।

शनिवार की रात ईशा की नमाज़ के उपरांत जलसे के दूसरे चरण का आगाज़ कारी गय्यूर द्वारा कुरान ए पाक की तिलावत के साथ किया गया ।मौ.फैसल मेरठी ने नात ए पाक प्रस्तुत की। मौलाना सय्यद हबीबुल्लाह मदनी ने अपनी तकरीर में कहा कि इल्म व ज्ञान को हासिल करने का जज़्बा इंसान के अंदर होना चाहिये। तालीम इंसान में बदलाव लाती है।शिक्षा से ही व्यक्ति को सही मार्ग दर्शन मिलता है। धार्मिक शिक्षा इन्सान गुमराह होने से बचाती है।कुरान ए पाक एक सच्चे रहबर के रूप में है।बिजनोर से आये मौलाना आसिफ अमानतुल्लाह सानी ने कहा कि अपने अक़ीदे अथवा आस्था को मजबूत बनाये।इंसान के प्रत्येक अच्छे बुरे काम का हिसाब अल्लाह के पास है।मौत के बाद इंसान को उसके आमाल व कर्मो के अनुसार ही फल मिलेगा। दारुल उलूम देवबंद यूनिवर्सिटी के उस्ताद हदीस मुफ्ती मौ रियासत ने कहा कि शादियों में अनावश्यक खर्च किया जा रहा है।कर्ज़ लेकर शादी में फ़िज़ूल खर्च का चलन बढ़ रहा है।जो बेहद घातक है।निकाह को आसान करें।पैसे को रोजगार व तालीम पर लगाये।डीजे,पटाखे छोड़ने जैसी लानत से परहेज़ करें।सादगी को अपनाएं और दूसरों को भी सादगी के प्रति प्रेरित करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता मौलाना अहमद हसन व संचालन मौलाना मौ.फरमान ने किया। इस अवसर पर मौलाना अब्दुल कलाम,कारी मौ आबिद ,मास्टर अब्दुल कलाम, मुफ्ती मौ. फरीद मौलाना नावेद,कारी गयासुद्दीन,मुस्तकीम सभासद, मरगूबअली आदि मौजूद रहे।

## वहशी दरिंदे की करतूत से इंसानियत शर्मसार

**छपार।** एक वहशी दरिंदा सात वर्ष की बच्ची को बाइक पर जंगल में ले गया और उसके साथ दरिंदगी का प्रयास किया। बच्ची को शोर मचाने पर आरोपी नग्न अवस्था में छोड़कर फरार हो गया। परिजनों को पता चलने पर पीड़िता का पिता उसे लेकर थाने पहुंचा और आरोपी के विरुद्ध थाने में तहरीर दी है। थाना क्षेत्र के एक गांव में एक 7 वर्षीय बच्ची अपने घर के सामने खड़ी थी। तो गांव का बाइक सवार युवक उसे बाइक पर बैठा कर जंगल में ले गया ओर उसके साथ दरिंदगी का प्रयास किया उसके शोर मचाने पर आसपास खेतों में काम कर रहे लोग उधर दौड़े तो आरोपी छोड़कर भाग गया। बच्ची का पिता उसे लेकर थाने पहुंचा और आरोपी के विरुद्ध थाने में तहरीर दी। पुलिस बच्ची को साथ लेकर जंगल में उक्त स्थान पर पहुंची और मौका मुआयना किया। आरोपी की पुलिस तलाश शुरू कर दी है।

# फहाद ने शूटिंग चैंपियनशिप में जीता गोल्ड, जिले का नाम रोशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** एसपी ऑफिस में तैनात मौ. यासीन के पुत्र मौ. फहाद ने अयोध्या के डॉ. भीमराव अंबेडकर इंटरनेशनल स्टेडियम में आयोजित 29वीं 10 मीटर पिस्टल (पैरा) यूपी स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता।

चरथावल निवासी फहाद की इस उपलब्धि से जिले में खुशी का माहौल है और मुजफ्फरनगर का नाम प्रदेश स्तर पर गौरवान्वित हुआ है।



# परेशान क्षेत्रवासियों ने किया जनप्रतिनिधियों के खिलाफ प्रदर्शन

**मुजफ्फरनगर।** शहर की इंदिरा कॉलोनी में पिछले तीन माह से गंदे पानी की समस्या से लोग बुरी तरह परेशान हैं। कॉलोनीवासियों का आरोप है कि कई बार सभासद और नगर पालिका में शिकायत दर्ज कराने के बावजूद भी अब तक समस्या का कोई समाधान नहीं किया गया है। स्थिति से नाराज़ लोगों का गुस्सा आज फूट पड़ा। आक्रोशित कॉलोनीवासियों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए जनप्रतिनिधियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए सभासद नगर पालिका चेयरमैन और मंत्री कपिल देव अग्रवाल के खिलाफ नारे लगाए गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि गंदे पानी की वजह से बीमारी पैदा हो रही है कई लोग हैं बीमारियों से जूझ रहे हैं।

## बिजली विभाग की लापरवाही उजागर

# उपभोक्ता के कनेक्शन पर किसी और का नाम, महीनों से नहीं मिला समाधान



**शाहटाइम्स शाहटाइम्स**

**खतौली।** कस्बे में बिजली विभाग की कार्यशैली एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। एक ताजा मामला सामने आया है, जिसमें विभागीय रिकॉर्ड की गड़बड़ी के चलते एक उपभोक्ता अपने ही वैध कनेक्शन पर अधिकार साबित करने के लिए महीनों से भटकने को मजबूर है।

मामला खतौली निवासी शाहजीम अख्तर से जुड़ा है, जिन्होंने 9 जुलाई 2023 को सभी औपचारिकताएं पूरी कर बिजली कनेक्शन (संख्या ब0238490) प्राप्त किया था। शुरुआत में सब कुछ सामान्य रहा, लेकिन कुछ ही महीनों बाद समस्या तब सामने आई, जब उन्हें बिजली का बिल नहीं मिला। विभागीय कार्यालय में जांच कराने पर पता चला कि उनके कनेक्शन नंबर पर सिस्टम में 'सोनिया देवी' का नाम दर्ज है। हैरानी की बात यह है कि मौके पर लगा मीटर, कनेक्शन और सभी दस्तावेज शाहजीम अख्तर के नाम पर ही हैं, जबकि विभागीय रिकॉर्ड कुछ और कहानी बयां कर रहा है। इस तकनीकी खामी के कारण न तो सही बिल जारी हो पा रहा है और न ही उपभोक्ता समय पर भुगतान कर पा रहा है। पीड़ित का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। हर बार केवल आश्वासन देकर मामला टाल दिया जाता है। अब उन्होंने अधिशासी अभियंता को लिखित शिकायत देकर रिकॉर्ड में सुधार और अपने नाम से बिल जारी कराने की मांग की है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, स्मार्ट मीटर और ऑनलाइन सिस्टम लागू होने के बाद इस तरह की त्रुटियां बढ़ी हैं। छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान के लिए भी उपभोक्ताओं को बार-बार विभाग के चक्कर काटने पड़ रहे हैं, जिससे नाराजगी बढ़ रही है। लोगों ने मांग की है कि विभाग ऐसे मामलों को गंभीरता से लेकर त्वरित समाधान सुनिश्चित करे और जिम्मेदार कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की लापरवाही दोहराई न जाए।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **उमेश कुमार, पुत्रः श्री ब्रह्म सिंह, पताः गाँव निरगाजनी, पुलिस थाना भोपा, जिला मुजफ्फर नगर, उत्तर प्रदेश, 2) म.नं. 154/03, कूकड़ा–07, पुलिस थाना कोटवाली, मुजफ्फर नगर, उत्तर प्रदेश** ने **FIR No. 55/2017, U/s 279/304 A IPC, पुलिस थाना बवाना, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **उमेश कुमार** नहीं मिल रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त दानिश **उमेश कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि **FIR No. 55/2017, U/s 279/304 A IPC, पुलिस थाना बवाना, दिल्ली** के अभियुक्त **उमेश कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.06.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार – सुश्री भारती बेनीवाल**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–05, उत्तरी जिला**
**कमरा नं. 114, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/4998/ON/2026**





मुजफ्फरनगर। जाट महासभा की नई कार्यकारिणी शपथ लेते हुए।

# जाट समाज महासभा की कार्यकारिणी को दिलाई पद एवं गोपनीयता की शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जाट समाज महासभा के सरंक्षण मंडल व पदाधिकारियों की रविवार को शहर के आदर्श कालोनी स्थित बुआ की धर्मशाला में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें

सरंक्षण मंडल के अध्यक्ष ने गठित कार्यकारिणी को पद एवं गोपनियता की शपथ दिलाई गई। बैठक में सर्व सम्मति से भारत रत्न एवं किसानों के मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर 29 मई को शुकतीर्थ जाट धर्मशाला में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

बैठक में संरक्षण मंडल के अध्यक्ष कुंवर विजय राज सिंह ने कमेटी के जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्यामपाल सिंह, कनिष्ठ उपाध्यक्ष धर्मवीर सिंह, उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह, महासचिव संतोष कुमार वर्मा, सचिव हरपाल सिंह, कोषाध्यक्ष कल्याण सिंह, उप कोषाध्यक्ष महकार सिंह, आडिटर मनोज कुमार, प्रचार मंत्री जीत सिंह तोमर, उप प्रचार मंत्री ब्रजपाल सिंह,संगठन मंत्री हरेंद्र सिरोही, उप संगठनमंत्री अजय पाल सिंह, कानूनी सलाहाकार देवेद्र तोमर, मीडिया प्रभारी मनोज व अनिल मुन्नू तथा सदस्य के रूप में धीर सिंह, देवेंद्र कुमार, नीरज बालियान, प्रवेंद्र कुमार, उपेंद्र, दीपक कुमार को पद एवं गोपनियता की शपथ दिलाई गई।

बैठक में सर्व सम्मति से भारत रत्न एवं किसानों के मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर 29 मई को शुकतीर्थ जाट धर्मशाला में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। बैठक में संरक्षक जगदीश बालियान, ओमपाल, प्रकाशवीर, अजय कुमार, अश्चवनी कुमार, केशव देव वर्मा, रणधीर सिंह, मदनपाल वर्मा, सुरेंद्र वीर, पवन कुमार, युद्धवीर सिंह मौजूद रहे।

# सुरेश हत्याकांड: दूसरा आरोपी कार्तिक भाटी हुआ गिरफ्तार



**रामराज।**थाना क्षेत्र के पुठी इब्राहिमपुर गांव में हुए चर्चित सुरेश हत्याकांड में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने दूसरे आरोपी कार्तिक भाटी को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जबकि तीसरे आरोपी आदेश गोस्वामी की तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है।

पुलिस के अनुसार, मुखबिर से सूचना मिली थी कि कार्तिक भाटी हाईवे पुल के नीचे खड़ा होकर किसी का इंतजार कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और उसे गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष रवेंद्र सिंह यादव ने बताया कि तीसरे आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगातार सक्रिय हैं और जल्द ही उसे भी पकड़ लिया जाएगा। गौरतलब है कि 45 वर्षीय मजदूर सुरेश की बेरहमी से हत्या कर उसका शव गंग नहर में फेंक दिया गया था, जिससे पूरे क्षेत्र में दहशत और आक्रोश का माहौल बन गया था। सुरेश 16 अप्रैल की शाम करीब 6 बजे अपने घर से मीरापुर जाने के लिए निकला था और कैथोड़ा चौकी के पास एक भटे पर काम के सिलसिले में रुका था। वहीं से तीन युवक उसे कार में बैठाकर अपने साथ ले गए। देर रात तक घर वापस न लौटने पर परिजनों ने चिंता जताई।


**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं अपना नाम SAKEELA BANO से बदलकर SHAKEELA कर रही हूं। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।
SHAKEELA W/O MOHD YUSUF
मकान नंबर 1026 लद्दावाला उत्तरी, गली नंबर 3 थाना कोतवाली, मुजफ्फरनगर यूपी।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं अपना नाम SAHZAAD AHMED ANSARI से बदलकर SHAHZAD AHMED ANSARI कर रहा हूं। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।
SHAHZAD AHMED ANSARI S/O MOHAMMAD YUSUF
मकान नंबर 827/294 अम्बा विहार, थाना खालापार, मुजफ्फरनगर यूपी।




खतौली: अक्षय तृतीया पर श्रद्धा का अद्भुत संगम।

# अक्षय तृतीया: दिसम्बर जैन मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

## हवन पूजन में श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर उठाया लाभ

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर कस्बे के श्री 1008 चन्द्रप्रभ दिगम्बर जैन मंदिर, पीसनापाड़ा में भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। प्रबंध समिति एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन, खतौली के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित भव्य आदिनाथ पूजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर धर्म लाभ अर्जित किया।

कार्यक्रम की शुरुआत भगवान आदिनाथ की प्रतिमा के विधि-विधान से प्रक्षाल और अभिषेक के साथ हुई। इसके पश्चात बिश्व शांति और कल्याण की भावना से शांतिधारा संपन्न कराई गई। विदेह शास्त्री के सान्निध्य में पूरे वातावरण में भक्ति रस की धारा बहती रही, जहां श्रद्धालु भजन-कीर्तन और नृत्य के माध्यम से भगवान की आराधना में लीन नजर आए। इस अवसर पर डॉ. नेमचंद जैन ने अक्षय तृतीया के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इसी दिन मुनिराज ऋषभदेव को हस्तिनापुर में राजा श्रेयांस द्वारा प्रथम आहार कराया गया था, जो जैन परंपरा में अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। उन्होंने बताया कि गन्ने के रस से दिए गए इस आहार से ही दान की परंपरा का शुभारंभ हुआ, जिसके कारण यह पर्व 'अक्षय तृतीया' के रूप में विख्यात हुआ।

वहीं, कल्पेन्द्र जैन ने पूजन के आध्यात्मिक पक्ष को समझाते हुए कहा कि जीवन में निर्मलता, करुणा और अहिंसा का भाव ही सच्ची पूजा का आधार है।

पूजन के उपरांत श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। संदीप जैन (प्रिंस जनरल स्टोर) द्वारा पंचमेवा वितरित किया गया, जबकि सतेंद्र जैन, अनुज कुमार भूपखेड़ी एवं भूषण लाल मुकेश जैन आढ़ती परिवार की ओर से ताजे गन्ने के रस की सेवा की गई, जिसे श्रद्धालुओं ने प्रसाद रूप में ग्रहण किया। इस धार्मिक आयोजन में जैन समाज के अनेक गणमान्य लोग एवं श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दिया।


**BHAGWANT COLLEGE OF LAW**
Bhagwantpuram, Bijnor-Delhi Highway, Distt-Muzaffarnagar (U.P.)-251315

**REQUIRED**

**Principal and Asst. Prof. in LLB and B.A.LLB**

**Qualification:**
As per the BCI/UGC/State Govt. and Maa Shakumbhari University, Saharanpur Norms.

Candidates having the qualification and good knowledge may apply on above address.

E-mail: hrbgi2017@gmail.com
Mob: 7830601000, 8859901120

# केमिकल मिलाकर तैयार हो रहा नकली दूध

## यही दूध बुढ़ाना में डोर टू डोर हो रहा है सप्लाई

**महक कुरैशी/नसीम कुरैशी**

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढ़ाना व आसपास के गांवों में पानी में तरल केमिकल पाउडर मिलाकर नकली दूध तैयार करने व घर घर जाकर बेंचे जाने की बात सामने आई है। लोगों का दावा है कि सुबह शाम साइकिल, बाइकों व कैंटरों में भरकर यह सिंथेटिक दूध खुलेआम सप्लाई किया जाता है। इस मिलावटी दूध के सेवन से बच्चों से लेकर बड़ों तक की सेहत पर बुरा असर पड़ रहा है। इस मामले को लेकर लोगों में भारी रोष है और उन्होंने खाद्य सुरक्षा विभाग से तत्काल छापेमारी कर सैंपलिंग की मांग की है। नाम न छापने की शर्त पर कई लोगों ने बताया कथित कारोबारी पानी में रिफाइंड तेल, यूरिया, स्टार्च, डिटर्जेंट, शैंपू व सिंथेटिक मिल्क पाउडर जैसे तरल व ठोस पदार्थ मिलाकर उसे दूध जैसा सफेद व गाढ़ा बना देते हैं। फिर उसमें नकली मलाई व महक के लिए एसेंस डालकर असली दूध की तरह पैक कर दिया जाता है। आरोप है कि यह नकली दूध 60 से 70 रुपये लीटर में घरघ घर जाकर बेंचा जा रहा है जबकि शुद्ध दूध का रेट 70 से 80 रुपये लीटर तक है। सस्ते के लालच में लोग इसे खरीद रहे हैं। गृहणियों का कहना है कि यह नकली दूध उबालने पर जल्दी फटता नही उसमें से साबुन जैसी झाग आती है और तली में सफेद पाउडर बैठ जाता है। चाय का रंग भी अलग आता है। जब मिलावट का पता चलता है तब तक परिवार दूध पी चुका होता है। लोगों ने चिंता जताई कि ऐसे दूध से लीवर, किडनी व पाचन तंत्र खराब होने के साथ साथ बच्चों के शारीरिक विकास के रुकने का खतरा है। लोगों का आरोप है कि खाद्य सुरक्षा विभाग को कई बार मौखिक व लिखित शिकायत दी गई लेकिन आज तक कोई बड़ी कार्रवाई नहीं हुई।

छापा पड़ने की सूचना पहले ही लीक हो जाती है। दो चार दिन कारोबार बंद रहता है फिर वही ढाक के तीन पात। लोगों ने रोष जताते हुए कहा कि डीएम के निर्देश पर गठित टीम सुबह 4 बजे से 7 बजे के बीच औचक छापेमारी करे तभी असली खेल पकड़ में आएगा। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 59 के तहत अपमिश्रित व असुरक्षित खाद्य पदार्थ बेंचना संगीन अपराध है। सिंथेटिक दूध बनाने व बेचने पर 6 माह से लेकर आजीवन कारावास व 1 लाख से 10 लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है। एफएसएसएआई के मानकों के अनुसार दूध में सिर्फ प्राकृतिक तत्व होने चाहिए। इस संबंध में स्थानीय प्रशासन ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी को निर्देश दिए गए हैं कि टीम गठित कर कस्बे व गांवों में दूध के सैंपल लें। यदि सैंपल जांच में फेल होते हैं तो दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

# धर्मांतरण मामले ने तूल पकड़ा, आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर हिन्दू संगठन थाने पहुंचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** सीकरी का धर्मांतरण का मामला तूल पकड़ गया है। पुलिस ने एक अरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।वहीं देर शाम थाने पर पहुंचे हिन्दू संगठन के सदस्यों ने शेष तीन आरोपियों की तुरन्त गिरफ्तारी की मांग सहित सभी आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।



भोपा थाना पर रविवार की शाम हिन्दू संघर्ष समिति के संयोजक नरेंद्र पँवार उर्फ साधु गुर्जर के नेतृत्व में पहुंचे देशराज चौहान, वैभव यादव, पवन मित्तल, रवि चौधरी, अश्विनी, अंकित, राहुल, हनी, विपुल, नितिन आदि ने सीकरी में राकेश शर्मा के धर्मांतरण कराने का प्रयास करने वालो की तुरन्त गिरफ्तारी की मांग की। नरेंद्र पँवार ने बताया कि धर्मांतरण की घटना को बिल्कुल बर्दाश्त नही किया जाएगा। घटना में शामिल एक आरोपी अफसर अली को गिरफ्तार किया गया है। सलमान, अनस, दानिश की गिरफ्तारी नही हुई है व मुख्य षडड्ंत्र कारी व्यक्ति सहित जिस मस्जिद में वजू कराकर नमाज अदा कराई गयी वहाँ के मौलाना पर कार्रवाई नही हुई है।सनातन के कुछ रक्षक भक्षक बनने का काम कर रहे हैं। ऐसे में सनातन की रक्षा बहुत मुश्किल हो जाएगी।आरोपियों को बचाने वालो को वह चेतावनी देते हैं कि ऐसा प्रयास बिलकुल न करें। धर्मांतरण मामले में शामिल सभी आरोपियों के खिलाफ अगर कार्रवाई नही हुई तो थाने पर बड़ा आंदोलन किया जायेगा।

# कार ने बाइक में टक्कर मारी, दो घायल

**छपार।** हाइवे पर बरला इंटर कालेज के सामने हरिद्वार की ओर से आई एक कार ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे उस पर सवार दो युवक घायल हो गये।

जनपद सहारनपुर के गांव किशनपुर थाना बड़गांव निवासी योगेन्द्र व मुकेश बाइक से बरला वेंकटहाल में एक शादी समारोह में जा रहे थे जब वे बरला इंटर कालेज के सामने पहुंचे तो पीछे से तेजगति से आई कार ने टक्कर मार दी जिससे दोनों युवक घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को जिला चिकित्सालय भिजवाया ओर कार को चालक सहित हिरासत में ले लिया।

# चार घंटे विद्युत आपूर्ति रहेगी ठप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** बिजनेस प्लान 24-25 के तहत 33 केवी बुढ़ाना लाइन के लंबे स्पेन में नए पोल लगाने का कार्य किया जाना है। इस कारण से आज सोमवार में 20 अप्रैल को सुबह 09 बजे से दोपहर 01 बजे तक बुढ़ाना टाउन, बुढ़ाना देहात और कुरथल बिजली घर से जुड़े क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। अवर अभियंता बुढ़ाना टाउन बिजली घर शिव कुमार ने सभी उपभोक्ताओं से असुविधा के लिए खेद जताते हुए अपील की है कि कार्य पूर्ण होने तक सभी संयम बनाए रखें। उन्होंने बताया कि लाइन सुख्रढ़ीकरण व भविष्य में बेहतर आपूर्ति के लिए यह शट डाउन आवश्यक है। निर्धारित समय पर कार्य पूरा कर आपूर्ति सुचारु कर दी जाएगी। प्रभावित क्षेत्र बुढ़ाना टाउन, बुढ़ाना देहात और कुरथल बिजली घर से जुड़े सभी गांव व मोहल्ले रहेंगे। किसी भी आपात स्थिति या जानकारी के लिए कोई भी उपभोक्ता अवर अभियंता बुढ़ाना टाउन से उनके सरकारी मोबाइल नंबर 9193331131 पर संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से यह भी अनुरोध किया है कि वे सभी शट डाउन अवधि में अपने घर स्थ पानी का भंडारण और मोबाइल चार्जिंग आदि जरूरी कार्य सुबह नौ बजे से पहले पहले ही कर लें ताकि उनको किसी भी तरह की असुविधा ना हो।

# कुतुबपुर में महिला सशक्तिकरण व रोजगार सृजन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**मीरापुर।** क्षेत्र के कुतुबपुर गांव में कृषि विज्ञान केंद्र, चितौड़ा द्वारा ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिला सशक्तिकरण, रोजगार सृजन और स्वयं सहायता समूहों को मजबूत करना रहा। इसके साथ ही 'उर्वरकों का संतुलित उपयोग अभियान' के तहत आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी भी दी गई।




प्रशिक्षण के दौरान केंद्र की वैज्ञानिक डॉ. पूजा ने महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों के महत्व और उनके प्रभावी संचालन के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि समूह के माध्यम से महिलाएं लघु उद्योग शुरू कर अपनी आय बढ़ा सकती हैं और विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकती हैं। वहीं डॉ. रीना ने उर्वरकों के संतुलित उपयोग पर जोर देते हुए रासायनिक और जैविक खाद के सही प्रयोग की जानकारी दी, जिससे खेती की लागत कम और उत्पादन अधिक हो सके। कार्यक्रम के सफल आयोजन में रवि शंकर का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कविता शर्मा ने की कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं रीतू शर्मा,सरोज, सविता, सुकर्मा, आरती, पुष्पा, आकृति, गुलशाना, शाहीन, प्रियंका आदि उपस्थित रही।

# युवती दूसरे समुदाय के युवक के साथ जाने पर अड़ी

**छपार।** एक समुदाय का युवक दूसरे समुदाय की युवती को भगा ले गया। पुलिस ने युवती के पिता की ओर से गुमशुदगी दर्ज की। युवती एडवोकेट को लेकर थाने पहुंची और युवक के जाने पर अड गई। क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती 17 अप्रैल को अपने घर से निकली और शाम तक वापस नहीं लौटी तो परिजनों ने तलाश किया लेकिन पता नहीं चल सका। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली। रविवार को युवती एडवोकेट के साथ थाने पहुंची और युवक के साथ जाने पर अड़ी रही। परिजनों के समझाने पर भी नहीं मानी। पुलिस का कहना है कि युवती को एडवोकेट की सुपुर्दगी में दीया जाएगा।

# भाइयों पर धमकी देने का आरोप लगाया

**छपार।** एक व्यक्ति ने दो सगे भाईयों पर घर में घुसकर एक लाख रुपए की मांग करने का आरोप लगाया ओर उनके विरुद्ध वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एक प्रार्थना पत्र दिया है। गांव खोजा नगला निवासी मुजफ्फर ने बताया कि गांव के दो सगे भाई बाबर व मुशीर 17 अप्रैल को दोपहर के समय उसके घर में घुस आये ओर एक सप्ताह में एक लाख रुपए देने को कहा और न देने पर जान से मारने की धमकी दी है। पीड़ित ने शनिवार को मुजफ्फरनगर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में तहरीर देकर अपनी जान व माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है।

# पांडवकालीन पार्वती मंदिर में हो रहा श्रीरामलीला का भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना/( मुजफ्फरनगर )।** तीर्थ नगरी शुकतीर्थ स्थित पांडवकालीन पार्वती मंदिर में मां बगलामुखी पीतांबरा जयंती महोत्सव के अवसर पर श्रीरामलीला का भव्य आयोजन किया जा रहा है। शनिवार रात चित्रकूट धाम के कलाकारों ने राम जन्म की लीला का मंचन किया गया।

काशी से पधारे स्वामी ज्ञानेश्वरानंद तीर्थ महाराज व ज्योतिषविद डा. अयोध्या प्रसाद मिश्र महाराज के सानिध्य में चित्रकूट धाम आदर्श श्रीराम जानकी मंडल के संचालक बबलू पांडेय के संयोजन में मंचित रामलीला में रजनीश ने राम, छोटू पाठक ने वशिष्ठ, रौनक पंडित ने विश्वामित्र तथा पंकज तिवारी ने दशरथ की भूमिका निभाकर दर्शकों की खूब सराहना बटोरी। व्यास अखिलेश कुमार ने चौपाइयों का सुमधुर गायन कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कानपुर से आए हास्य कलाकार अकेला ने अपनी प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को खूब गुदगुदाया। वहीं श्रद्धालुओं ने कलाकारों की आरती उतारकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान ज्योतिषविद् डा. अयोध्या प्रसाद मिश्र ने कहा कि भगवान श्रीराम, भगवान विष्णु के अवतार हैं, जो मानव कल्याण के लिए इस धरा पर अवतरित हुए। उन्होंने अपने जीवन से मानवता को आदर्श मार्ग दिखाया और कष्टों को स्वयं सहन कर लोकहित का संदेश दिया। रामलीला देखने के लिए शुकतीर्थ के साथ-साथ फिरोजपुर, बहुपुरा, शुक्रतारी, इलाहाबास, मोरना, ककराला समेत आसपास के गांवों से भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। , स्वामी श्यामदेव आश्रम, स्वामी रामदेव आश्रम, जय राम आश्रम, इंद्रदेव आश्रम के संतों सहित आशीष मिश्रा, ज्योति, राजा भैया मिश्रा, सोमांशु व अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस बल तैनात रहा।



# मृतक बच्चे के परिजनों को सांत्वना देने पहुंचे विधायक मदन

**जानसठ।** क्षेत्रीय विधायक मदन भैया ने जानसठ डाक बंगले पर पहुंचकर ग्रामीणों की जन समस्याओं को सुना एवं उनका निराकरण कराया, इसके अलावा जानसठ कस्बे के मोहल्ला सराय तुलसीराम में बीते दिनों 7 वर्षीय साबियन की उस समय मौत हो गई थी जब वह बस्ती के बगल में ही बच्चों के साथ खेलने जा रहा था इस दौरान उसका पर फिसल गया और बराबर में ही रखें विद्युत ट्रांसफार्मर पर 7 वर्षीय साबियान गिर गया जिसके चलते उसकी मौके पर ही करंट लगने से मौत हो गई थी। बच्चे की मौत की सूचना पर विधायक मदन भैया ने परिजनों से मिलकर शोक संवेदनाएं व्यक्त की । रविवार को क्षेत्रीय विधायक मदन भैया स्थानीय लोक निर्माण विभाग के डाक बंगले पर पहुंचे जहां पहले से मौजूद क्षेत्र के ग्रामीणों ने विधायक का स्वागत किया। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा अपनी जन समस्याएं विधायक के समक्ष रखी विधायक मदन भैया ने संबंधित अधिकारियों को दूरभाष के माध्यम से समस्याओं के निराकरण को निर्देशित किया। इसके अलावा काटका सहित क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक गांवों का दौरा किया एवं लोगों के सुख दुख में शामिल हुए। इस दौरान विधायक मदन भैया के साथ जानसठ नगर पंचायत चैयरमेन



डॉक्टर आबिद हुसैन, रिजवान हुसैन, सभासद गुलफाम मलिक सभासद विशाल सैनी, मनोज कसाना, जिला पंचायत सदस्य प्रदीप कसाना, अमित पंवार, सुमित चपराना, अमित पवार, लव कुश त्यागी आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# तमंचे के साथ वीडियो वायरल कर दहशत फैलाने वाला गिरफ्तार

**बुढ़ाना।** मिशन शक्ति अभियान के तहत कार्रवाई कर बुढ़ाना पुलिस ने सोशल मीडिया पर अवैध तमंचे के साथ वीडियो वायरल कर इलाके में भय का माहौल बनाने वाले एक युवक को अरैस्ट कर जेल भेज दिया है। आरा. ेपी के कब्जे से एक तमंचा व एक जिंदा कारतूस मिला है। कोतवाल सुभाष बाबू अत्री के अनुसार आरोपी ने पूछताछ में कबूल किया कि उसने लोगों में दहशत फैलाने को जान बूझकर तमंचे के साथ वीडियो बनाकर वायरल किया था। एसएसपी संजय वर्मा के आदेश पर वांछित अपराधियों व मिशन शक्ति अभियान के तहत चलाए जा रहे अभियान में एसपी ग्रामीण अक्षय महादिक के निर्देशन व सीओ बुढ़ाना के पर्यवेक्षण में प्रभारी बुढ़ाना कोतवाली सुभाष अत्री के नेतृत्व में मिशन शक्ति टीम ने ये कार्रवाई की। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि वीडियो वायरल करने वाला युवक कांधला मार्ग के पास है तो पुलिस टीम ने तुरंत मुखबिर के द्वारा बताए स्थान पर पहुंचकर उक्त आरोपी को घेराबंदी करके दबोच लिया। पकड़े गये युवक ने अपना नाम आस मौहम्मद उर्फ अमन पुत्र इदरीश निवासी चंधेडी रोड बुढ़ाना बताया। तलाशी लेने पर उसकी जेब से एक तमंचा व एक कारतूस मिला। पूछताछ में अमन ने बताया मैं ये तमंचा अपनी सुरक्षा के लिए रखता हूं।



मोरना। अक्षय तृतीया पर भगवान परशुराम को नमन करते जिला पंचायत अध्यक्ष व श्रद्धालु।

# हमारी संस्कृति के आधार हैं भगवान परशुराम : निर्वाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** तीर्थ नगरी शुकतीर्थ स्थित ब्राह्मण आश्रम में रविवार को भगवान परशुराम का प्रकट दिवस बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान सुंदरकांड व भजन कीर्तन कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ। जिसके बाद भंडारे की आयोजन किया गया। समापन पर जिला पंचायत अध्यक्ष डा. वीरपाल निर्वाल ने कहा कि भगवान परशुराम हमारी संस्कृति के आधार है अत: हम सब को भगवान परशुराम को अपने जीवन का आधार बनाना चाहिए।

समारोह में भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री अमित राठी ने कहा कि भगवान परशुराम महान ओजस्वी, तपस्वी, यशस्वी योगी महापुरुष हुए है।

युवा एकता सेवा संगठन के संस्थापक आचार्य वागीश कौशिक ने भगवान परशुराम जी को भगवान विष्णु का छटा अवतार बताते हुए सर्व समाज का गौरव और शौर्य का प्रतीक बताया और उनकी पितृ भक्ति को ब्विव में सर्वोच्च बताया। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान परशुराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम संयोजक राष्ट्रीय गौसेवा संघ के राष्ट्रीय सचिव पंडित शुभम कौशिक, पूर्व चेयरमैन विनोद शर्मा, भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के रामकुमार शर्मा, मानव अधिक. ार संगठन के जिलाध्यक्ष मुकेश गौतम, रमनगिरी महाराज, कथा वाचक अजय कृष्ण शास्त्री, आश्रम में मैनेजर प्रमोद सारस्वत, डा. संजू शर्मा, सचिन शर्मा मौजूद रहे।

# भाकियू तोमर 28 को घेरेगी हरिद्वार एसएसपी ऑफिस

**मुजफ्फरनगर।** भाकियू (तोमर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी संजीव तोमर का बडा ऐलान 28 अप्रैल को हरिद्वार एसएसपी ऑफिस पर पंचायत होगी। भारतीय किसान यूनियन (तोमर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी संजीव तोमर ने आज रामपुर तिराहा स्थित भाकियू तोमर के राष्ट्रीय कार्यालय पर एक बैठक का आयोजन किया और किसानों कि समस्याओं पर चर्चा कि संगठन के राष्ट्रीय सलाहकार ईन्दरजीत सांगवान ने कहा है कि भाजपा सरकार में भी किसान हताश हैं क्योंकि किसानों को उचित रेट नहीं मिल पा रहै है और आज महंगाई आसमान चूम रहै है और किसान कि कमाई बहुत कम है गन्ने का भाव 400 रू से कम और जब तक गन्ने का भाव 500 रु क्विंटल ना हो तब तक किसान खुश नहीं होगा संगठन के चौधरी संजीव तोमर ने कहा है कि हमारा देश कृषि प्रधान देश है लेकिन हमारे सरकार के नेता हमें कहीं ना कहीं अनदेखा करती है उन्होने कहा है कि फिलहाल हम सरकार से मांग करते हैं कि जो बारीश के चलते किसानों कि फसल का नुक़सान हुआ है उनके शर्वे कराकर जल्द से जल्द फसल का मुआवजा दिया जाए और किसानों को खेतों में उपयोग होने वाली सभी चीजों पर 50 प्रतिशत सबसिडि दी जाऐ और उन्होने एक बडा ऐलान भी कर दिया है कि 28 अप्रैल को संगठन किसानो और आमजन कि समसयाओ को लेकर हरिद्वारै ‍च ओफिस पर होगी पंचायत जनपद मेरठ कि टीम को आदेशित भी



कर दिया गया है पंचायत मे भारी संख्या मे हिस्सा ले और मिटिग के बाद मुन्सफ को अल्पसंख्यक मोर्चा का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया और शेबा रिजवी को युवा जिला प्रभारी बनाया। इस मौके पर मुख्य रूप मेरठ जिला अध्यक्ष इन्तजार प्रधान और युवा जिला अध्यक्ष अभिषेक चौधरी अब्बास अमर पाल सिंह सहबर रिजवी तनवीर आलम गोल्डी प्रधान शबी भाई अब्बास सैफी अभिषेक एस पी सिंह आदि मौजूद रहे।

# गाय का दूध निकालने को लेकर सगे भाइयों में खूनी तकरार

**फुगाना/बुढ़ाना।** फुगाना थाना क्षेत्र के गांव सराय में एक अजीब वजह से सगे भाइयों के बीच जमकर कहासुनी हाथापाई हुई। मामला गाय का दूध निकालने को लेकर शुरु हुआ लेकिन देखते ही देखते दोनों भाई इस कदर उलझे कि गांव में तनाव बन गया। शोर सुनकर पहुंचे ग्रामीणों व घर की महिलाओं की सूझबूझ से मामला किसी तरह शांत हुआ वरना बड़ा बवाल हो सकता था। गांव सराय निवासी आजाद पुत्र मौजूदीन व उसके सगे भाई शरीफ के बीच गाय का दूध निकालने को लेकर बहस छिड़ गई। पहले तो दोनों एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाते रहे लेकिन कुछ ही मिनटों में बात गाली गलौज से हाथापाई तक पहुंच गई। घर के आंगन में हो रहे इस झगड़े से अफरा तफरी मच गई। झगड़े के बीच मौजूदीन की पत्नी सरवरी व घर की अन्य महिला हिना दोनों भाइयों को अलग करने के लिए बीच में कूद पड़ी।

दोनों ने काफी मशक्कत कर झगड़ा शांत कराने की कोशिश की लेकिन भाई एक दूसरे पर हमलावर थे। इसी दौरान चीख पुकार सुनकर आस पड़ोस के लोग मौके पर पहुंचे और बड़ी मुश्किल से दोनों पक्षों को खींचकर अलग किया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी विजय कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया झगड़े की जड़ गाय का दूध निकालना है लेकिन पूछताछ में पता लगा कि दोनों भाइयों के बीच विवाद की असल वजह शादी में बैठाने को लेकर चल रही पुरानी खींचतान है। दूध निकालने की बात तो बस नाम मात्र की ही थी।

# पेड़ पर दो गुलदार देख होश उड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंदक।** खेत में पेड़ पर एक साथ दो गुलदारों को बैठा देख ग्रामीणों के होश उड़ गए। समीपवर्ती ग्राम किशनपुर व बहादुरपुर के बीच किसान विनीत के खेत में एक पेड़ पर ग्रामीणों ने एक साथ दो गुलदार बैठे देखे। खबर मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। भीड़ को देख गुलदार पेड़ से कूद कर जंगल तरफ भाग गए। एक साथ दो गुलदार दिखाई देने से ग्रामीण व किसान दहशत में है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पिंजरा लगाकर गुलदारों को पकड़ने की मांग की है।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# ट्रेडिंग के नाम पर ठगी करने वाले दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** आदर्श मंडी थाना पुलिस को साइबर अपराध के खिलाफ एक महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने ट्रेडिंग इन्वेस्टमेंट के नाम पर लोगों से ठगी करने वाले एक संगठित गिरोह के दो शातिर सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिर फ्तार आरोपियों के कब्जे से 55 हजार रुपये की नकदी भी बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार यह गिरोह अब तक बड़ी संख्या में लोगों को अपना शिकार बना चुका है और उनसे लाखों रुपये की ठगी कर चुका है।

पुलिस लाइन शामली में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान एसपी एनपी सिंह ने पूरे मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि एनसीआरपी नेशनल साइबर



क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल से प्राप्त म्यूल खातों की जांच के दौरान इस गिरोह का पर्दाफाश हुआ। जांच के आधार पर पुलिस ने मयंक उर्फ सन्नी पुत्र कमल कुमार निवासी बेगमपुरा, कैराना और विशाल पुत्र मोहनलाल निवासी टीचर्स कॉलोनी, कैराना को गिरफ्तार किया। एसपी ने बताया कि यह गिरोह बेहद सुनियोजित तरीके से साइबर ठगी को अंजाम देता था। आरोपी व्हाट्सएप और टेलीग्राम चैनलों के माध्यम से लोगों को फर्जी लिंक भेजते थे। इन लिंक के जरिए लोगों को नकली मोबाइल एप डाउनलोड करने के लिए प्रेरित किया जाता था। इसके बाद उन्हें ट्रेडिंग इन्वेस्टमेंट के नाम पर अधिक मुनाफे का लालच दिया जाता था, जिससे लोग आसानी से उनके झांसे में आ जाते थे। जब लोग इन एप्स के माध्यम से निवेश करते थे, तो आरोपियों द्वारा उनसे पैसे म्यूल खातों में ट्रांसफर कराए जाते थे। म्यूल खाते ऐसे बैंक खाते होते हैं, जिनका उपयोग असली अपराधी अपनी पहचान छिपाने के लिए करते हैं। पैसे जमा होने के बाद आरोपी रकम को तुरंत निकालकर हड़प लेते थे। जांच के दौरान यह सामने आया कि आरोपियों द्वारा संचालित म्यूल खातों में करीब 3 करोड़ रुपये से अधिक का लेन-देन हुआ है। इन खातों से जुड़े साइबर फ्रॉड के संबंध में देशभर में पांच शिकायतें दर्ज की जा चुकी हैं। पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि उनकी मुलाकात सादिक नामक व्यक्ति से हुई थी, जो फलों का ठेला लगाता है। मयंक ने उसे लालच देकर उसके नाम पर फर्जी सेविंग अकाउंट खुलवाया और कहा कि खाते में बड़े स्तर पर लेन-देन होगा, जिसके बदले उसे अच्छा कमीशन मिलेगा। सादिक ने अपने खाते की पूरी जानकारी आरोपियों को दे दी, जिसके बाद मयंक और विशाल ने उस खाते के जरिए करीब 3 करोड़ रुपये का लेन-देन किया। पुलिस अब इस गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी है और मामले की गहन जांच जारी है।

# विवादित दरोगा का हुआ ट्रांसफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक एन.पी. सिंह ने सख्त कदम उठाते हुए थाना भवन क्षेत्र की दो अहम पुलिस चौकियों के प्रभारियों में बदलाव किया है। यह कार्रवाई शनिवार को थानाभवन थाने के औचक निरीक्षण के बाद की गई, जहां एसपी ने व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण कर आवश्यक सुधार के निर्देश दिए थे।

रविवार को जारी आदेश के अनुसार थाना भवन कस्बा चौकी पर तैनात उप निरीक्षक रणपाल सिंह को उनके पद से हटाकर उप निरीक्षक चंद्रशेखर को नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी तरह कादरगढ़ चौकी पर लंबे समय से तैनात उप निरीक्षक दीपचंद को भी उनके पद से हटा दिया गया है। उनकी जगह अब उप निरीक्षक अजय पाल सिंह को चौकी प्रभारी नियुक्त किया गया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक कादरगढ़ चौकी प्रभारी को लेकर क्षेत्र में लगातार शिकायतें मिल रही थीं। स्थानीय लोगों द्वारा कार्यशैली को लेकर असंतोष जताया जा रहा था, जिसके बाद इस मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी ने कड़ा रुख अपनाया। निरीक्षण के दौरान मिली खामियों और शिकायतों के आधार पर ही यह प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। बताया जा रहा है कि उप निरीक्षक दीपचंद का नाम पहले भी विवादों में आ चुका था, जिसके चलते उन्हें हटाकर दूसरी जगह भेजा गया है। इस कार्रवाई से यह स्पष्ट संदेश दिया गया है कि पुलिस विभाग में लापरवाही, अनुशासनहीनता या विवादित कार्यशैली को किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

एसपी एन.पी. सिंह ने संकेत दिए हैं कि भविष्य में भी ऐसे निरीक्षण जारी रहेंगे और जहां भी कार्य में कमी या लापरवाही पाई जाएगी, वहां तुरंत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी ईमानदारी और तत्परता के साथ करें, ताकि आम जनता को बेहतर सुरक्षा और न्याय मिल सके। इस कार्रवाई के बाद थाना भवन क्षेत्र में पुलिस व्यवस्था को लेकर नई उम्मीदें जगी हैं। स्थानीय लोगों का मानना है कि नए प्रभारियों के आने से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था और बेहतर होगी तथा पुलिस कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और सुधार देखने को मिलेगा।

## चेकिंग अभियान में जनता को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर के विभिन्न चौराहों पर पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया तथा लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

नगर में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान विजय चौक, अजंता चौक, ɿव्वारा चौक, एसटी तिराहा और बुढ़ाना रोड सहित प्रमुख स्थानों पर संचालित किया गया। इस दौरान पुलिस ने संदिग्ध वाहनों की तलाशी ली और आने-जाने वाले लोगों से पूछताछ की। दोपहिया व चारपहिया वाहनों के दस्तावेज भी चेक किए गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अपराधों की रोकथाम और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस प्रकार के अभियान लगातार जारी रहेंगे। उन्होंने नागरिकों से सहयोग करने की अपील भी की।

# कुत्ते को बचाने के प्रयास में पलटी कार, बाल-बाल बचे कार सवार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** रविवार सुबह शहर में अफरा-तफरी मच गई, जब कांबडौत पुल के पास एक कार अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में कार सवार दो सगे भाई बाल-बाल बच गए, जबकि वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद पुल पर कुछ देर के लिए जाम की स्थिति बन गई।

रविवार को आकाश अपने भाई कार्तिक के साथ अंबाला से अपने गांव छूर लौट रहे था। सुबह के समय जब वे शामली से निकलकर काबडौत पुल पर पहुंचे, तभी अचानक सामने से आए आवारा कुत्ते को देख उनकी कार अनियंत्रित हो गई और पलट गई। तेज आवाज के साथ हुए हादसे से आसपास के लोगों में



अफरा तफरी मच गई। घटना के बाद मौके पर मौजूद राहगीरों ने तुरंत कोतवाली पुलिस को सूचना दी और दोनों भाइयों को कार से बाहर निकाला। गनीमत यह रही कि दोनों को गंभीर चोट नहीं आई। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति को संभाला और वाहन को सीधा कर यातायात को सुचारु किया। पुलिस ने घायलों से पूछताछ कर उन्हें प्राथमिक उपचार दिलवाया, जिसके बाद दोनों भाई अपने घर के लिए रवाना हो गए।

# अन्यायपूर्ण टैक्स नहीं होने देंगे लागू: राणा

☐ **पूर्व ब्लाक प्रमुख शेर सिंह राणा ने 'स्वकर प्रणाली' के खिलाफ खोला मोर्चा।**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** नगर पंचायत थानाभवन में 'स्वकर प्रणाली' को लेकर मचे घमासान के बीच समाजवादी नेता शेर सिंह राणा ने एंट्री कर पूरे मामले को नया मोड़ दे दिया है। जहां एक ओर जनता और व्यापारी टैक्स के बोझ से परेशान होकर सड़कों पर उतरने को मजबूर हैं वहीं अब शेर सिंह राणा खुलकर उनके समर्थन में सामने आ गए हैं।

रविवार को कस्बे के व्यापारी संजीव चावला की दुकान पर पहुंचे शेर सिंह राणा ने साफ शब्दों में कहा कि यह सिर्फ टैक्स का मुद्दा नहीं बल्कि जनता के सम्मान और अधिकारों की लड़ाई है।



उन्होंने अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा की कार्यशैली पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि ऊपर के संरक्षण के चलते आम जनता की आवाज को दबाया जा रहा है। शेर सिंह राणा ने कहा कि जब व्यापारी और आम नागरिक अपनी ही नगर पंचायत में न्याय के लिए भटकने को मजबूर हो जाएं और अधिकारियों के सामने जाकर पैर तक पकड़ने लगें तो यह व्यवस्था की नाकामी का सबसे बड़ा उदाहरण है। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि समाजवादी पार्टी जनता के साथ खड़ी है और किसी भी हालत में मनमाना टैक्स बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यदि जल्द ही टैक्स दरों में उचित संशोधन नहीं किया गया तो यह आंदोलन और तेज किया जाएगा और जरूरत पड़ी तो सड़क से लेकर शासन स्तर तक बड़ी लड़ाई लड़ी जाएगी।शेर सिंह राणा की इस एंट्री के बाद अब यह मामला केवल प्रशासनिक नहीं बल्कि राजनीतिक मुद्दा भी बन चुका है। कस्बे में चर्चा है कि अब 'स्वकर प्रणाली' पर फैसला आसान नहीं होगा क्योंकि जनता के साथ अब मजबूत राजनीतिक समर्थन भी खड़ा हो गया है।

फिलहाल थानाभवन में माहौल पूरी तरह गर्म है एक तरफ जनता राहत की उम्मीद लगाए बैठी है तो दूसरी ओर शेर सिंह राणा के तेवर साफ संकेत दे रहे हैं कि यह लड़ाई अब लंबी और निर्णायक होने वाली है। इस दौरान सतीश चेयरमैन नौजल, प्रेमपाल चौहान, संदीप पुंडीर महाबतपुर, संजीव चावला, आदि उपस्थित रहे।

## 21 अप्रैल को ग्रामीणों संग होगी बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सत्येन्द्र सिंह, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), शामली ने बताया कि मा0 राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग लखनऊ के कार्यालय पत्र 24 मार्च द्वारा प्रदेश में निवासत बिलोच जाति को अन्य पिछड़े वर्ग की उ.प्र.सूची में सम्मिलित किये जाने हेतु अनुरोध पर आयोग द्वारा सर्वेक्षण कराये जाने का निर्णय लिया गया है। उन जाति के सामाजिक, शैक्षिक, आर्थिक, राजनैतिक अध्ययन हेतु आयोग के शोध का भ्रमण कार्यक्रम 20 अप्रैल से 24 अप्रैल तक 03 सदस्यीय शोध दल के नेतृत्व में प्रस्तावित किया गया है। साथ ही जिले स्तर पर जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी एवं जनपद की जिन तहसीलों/कस्बों / ग्रामो में बिलोच जाति के परिवार निवासित हों उन तहसील/कस्बों/ग्रामों के क्षेत्रीय नायब तहसीलदार, लेखपाल व ग्राम प्रधानों के साथ बैठक 20 अप्रैल को थी जो अपरिहार्य कारणवश स्थगित करते हुए 21 अप्रैल को पूर्वाहन समय 11:00 बजे नवीन भवन कलेक्ट्रेट, सभागार शामली में संपंन की जानी प्रस्तावित है। जिसकी तैयारी हेतु सभी संबंधित को निर्देशित किया गया है।

# तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से मासूम घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले में तेज रफ्तार बाइक ने गली से बाहर निकल रही मासूम बच्ची को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद आरोपी चालक मौके से फरार हो गया। परिजनों ने बच्ची को पहले स्थानीय अस्पताल और ɿिर दिल्ली रेफर कराया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

पुलिस आरोपी बाइक चालक की तलाश में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र की नई बस्ती निवासी महिला कैर्मिदा पत्नी इखलाख ने बताया कि उसकी 5 वर्षीय भतीजी इरम घर से लगभग 30 मीटर दूर गली से बाहर निकल रही थी। तभी सलेमपुर रोड ईदगाह की ओर से तेज गति से आ रही बुलेट मोटरसाइकिल सवार ने बच्ची को टक्कर मार दी।

आरोप है कि बाइक सवार अनीस ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए बच्ची को टक्कर मारने के बाद उसके ऊपर से बाइक चढ़ाने का भी प्रयास किया और घायल मौके पर मौजूद कासिम, रेशमा और अन्य लोगों ने बाइक सवार को रोकने की कोशिश की, लेकिन वह गाली-गलौज करते हुए तेज गति से फरार हो गया। घटना के बाद घायल बच्ची को शामली के अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसकी गंभीर हालत को देखते हुए दिल्ली के लोकनायक अस्पताल रेफर कर दिया गया।

परिजनों के अनुसार बच्ची जिंदगी और मौत के बीच जूझ रही है। पीड़ित पक्ष ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है।

# डिजिटल जनगणना को लेकर दिया प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** आगामी जनगणना 2027 के सफल संचालन और प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से तहसील शामली के सभागार में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रगणकों और सुपरवाइजर्स के कुल चार बैचों को प्रशिक्षित किया जाएगा, ताकि जनगणना कार्य को सुव्यवस्थित और त्रुटिरहित ढंग से पूरा किया जा सके।

कार्यक्रम का उद्घाटन अपर जिलाधिकारी द्ववित्त एवं राजस्व्रः एवं जिला जनगणना अधिकारी श्री सत्येंद्र सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए बताया कि जनगणना 2027 स्वतंत्रता प्राप्ति





के बाद देश की आठवीं जनगणना होगी, जो कई मायनों में विशेष और आधुनिक तकनीक से युक्त होगी। उन्होंने कहा कि इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल और पेपरलेस माध्यम से कराई जाएगी, जिससे समय की बचत होगी और आंकड़ों की सटीकता भी बढ़ेगी। अपर जिलाधिकारी ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि नागरिकों को इस बार स्वयं अपनी जानकारी दर्ज करने की सुविधा भी प्रदान की जाएगी। इसके लिए एक विशेष मोबाइल एप और स्व-गणना पोर्टल विकसित किया गया है, जिसके माध्यम से आम नागरिक अपने घर बैठे ही अपनी जनगणना संबंधी जानकारी भर सकेंगे। इससे जनगणना प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और सहभागी बन सकेगी। प्रशिक्षण के दौरान प्रगणकों और सुपरवाइजर्स को जनगणना से जुड़ी विभिन्न प्रक्रियाओं, तकनीकी पहलुओं और डेटा संग्रहण के तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि स्व-गणना की प्रक्रिया 7 मई से 21 मई 2026 तक चलेगी। इस अवधि में इच्छुक नागरिक पोर्टल पर जाकर अपनी जानकारी स्वयं दर्ज कर सकते हैं। इसके बाद मकान गणना का कार्य 22 मई से 20 जून 2026 तक संपन्न किया जाएगा, जिसमें प्रशिक्षित प्रगणक घर-घर जाकर आवश्यक विवरण एकत्र करेंगे। अधिकारियों ने प्रशिक्षण के दौरान यह भी जोर दिया कि सभी कर्मचारी अपने दायित्वों को गंभीरता से निभाएं और निर्धारित समयसीमा के भीतर कार्य को पूर्ण करें। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में एसडीएम शामली अर्चना शर्मा, तहसीलदार मनोज कुमार, नायब तहसीलदार गौरव, एबीएसए, फील्ड ट्रेनर, सुपरवाइजर तथा प्रगणक उपस्थित रहे। सभी ने कार्यक्रम को सफल बनाने और जनगणना कार्य को सुचारू रूप से संपन्न करने का संकल्प लिया।

## कैरियर काउंसलिंग सेमीनार का होगा आयोजन

**शामली।** अखिल भारतीय अग्रवाल समाज ट्रस्ट द्वारा आगामी 26 अप्रैल को शामली जिले में पहली बार कैरियर काउंसलिंग सेमिनार का आयोजन किया जायेगा। जिसमें प्रसिद्ध काउंसलर सृष्टि महेदरू जिलेभर से इंटरपास आउट छात्र-छात्राओं को चार घंटे की काउंसलिंग करेगी, ताकि छात्र-छात्राओं को उनके कैरियर के प्रति प्रोत्साहित किया जा सके। रविवार को शहर के कैराना रोड स्थित राहुल तायल के कार्यालय में अखिल भारतीय अग्रवाल समाज ट्रस्ट द्वारा एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष आकाश गुप्ता सीए ने कहा कि आगामी 26 अप्रैल को शामली जिले में पहली बार कैरियर काउंसलिंग सेमिनार का आयोजन किया जायेगा। यह सेमिनार शहर के हनुमान धाम महाराजा अग्रसैन भवन में होगी, जिसमें प्रसिद्ध काउंसलर सृष्टि महेद जिलेभर से इंटर पास छात्र-छात्राओं को उनके कैरियर के प्रति जागरूक करेगी। ट्रस्ट द्वारा सेमिनार के दौरान पांच ऐसे छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जायेगा, जो सेमिनार के दौरान बेहतर प्रदर्शन कर प्रश्न करेगे। सेमिनार में पानीपत यूनिवर्सिटी, गीता यूनिवर्सिटी, जेनिसिस कोचिंग सैंटर के संचालकों द्वारा भी स्टॉल लगाए जायेगे। सेमिनार में सभी जातियों के छात्र-छात्राऐं प्रतिभाग कर सकते है। जिसके लिए ट्रस्ट द्वारा रजिस्ट्रेशन के लिए नंबर भी जारी कर दिए है। सेमिनार में 500 से अधिक छात्र-छात्राऐं के शामिल होने की उम्मीद है। इस अवसर पर सचिव रजत बंसल, ओमप्रकाश, प्रवीन गोयल, संगीत गोयल, रोबिन गर्ग, राहुल तायल, नीरज संगल, विकास गर्ग, उत्तम जिंदल, अंकित गुप्ता, अमित बंसल, सुमित बंसल आदि मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति के तहत कानूनों की दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** रविवार 19 अप्रैल को पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशानुसार मिशन शक्तिपफेस 5.2 के अंतर्गत थानाभवन कस्बे में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों सुरक्षा उपायों और नए आपराधिक कानूनों के प्रति जागरूक करना रहा।

अभियान के दौरान मिशन शक्ति टीम के उपनिरीक्षक लोकेश कुमार, महिला हेड कांस्टेबल विनीता एवं हेड कांस्टेबल आंचल ने विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर महिलाओं व बालिकाओं से संवाद स्थापित किया। टीम ने दण्ड से न्याय की ओर की अवधारणा को



सरल भाषा में समझाते हुए बताया कि नए आपराधिक कानूनों के लागू होने से महिलाओं को त्वरित न्याय मिलने की दिशा में महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं जिससे उनका सशक्तिकरण और सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। पुलिस टीम द्वारा साइबर क्राइम ऑनलाइन धोखाधड़ी, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, छेड़खानी, घरेलू हिंसा एवं बाल अपराध जैसे संवेदनशील विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही इन अपराधों से बचाव के उपाय, सतर्कता बरतने के तरीके और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना देने के लिए प्रेरित किया गया।

इस दौरान महिलाओं को विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई, जिनमें 1090 वूमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन तथा 108 एंबुलेंस सेवा शामिल हैं। टीम ने बताया कि किसी भी आपात स्थिति में इन नंबरों का उपयोग कर तुरंत सहायता प्राप्त की जा सकती है।इसके अलावा सरकार द्वारा संचालित योजनाओं जैसे बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, सामूहिक विवाह योजना एवं ऑपरेशन सवेरा के बारे में भी विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। महिलाओं को इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया ताकि वे सामाजिक व आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें। अभियान के अंत में पुलिस टीम ने महिलाओं व बालिकाओं से अपील की कि वे किसी भी प्रकार के अपराध या उत्पीड़न की स्थिति में चुप न रहें बल्कि तुरंत पुलिस या संबंधित हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करें। साथ ही अपने आसपास की अन्य महिलाओं को भी जागरूक करने में सहयोग दें जिससे समाज में सुरक्षा और जागरूकता का माहौल मजबूत हो सके।

# साइबर अपराधों से बचाव को दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** नगर व क्षेत्र के विभिन्न मोहल्लों और बस्तियों में पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। इस दौरान महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।अभियान के तहत उप निरीक्षक देवेंद्र कुमार तेवतिया और महिला कांस्टेबल प्रियंका की टीम ने अलग-अलग स्थानों पर गोष्ठियों का आयोजन कर महिलाओं से सीधे संवाद स्थापित किया। उन्होंने मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्य को समझाते हुए बताया कि यह पहल महिलाओं को आत्मनिर्भर, जागरूक और सुरक्षित बनाने के



लिए चलाई जा रही है।कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी गई। टीम ने बताया कि किस प्रकार आनलाइन ठगी,फर्जी कलि, लिंक और सोशल मीडिया के माध्यम से अपराधी लोगों को निशाना बनाते हैं।

महिलाओं को इनसे बचाव के उपाय भी विस्तार से समझाए गए, जैसे किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करना, अपनी निजी जानकारी साझा न करना और संदिग्ध गतिविधियों की तुरंत पुलिस को सूचना देना।

# गर्मी की दस्तक से जनजीवन प्रभावित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद में गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है और तापमान में तेजी से हो रही वृद्धि ने आम जनजीवन को प्रभावित करना शुरू कर दिया है। रविवार को अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जबकि न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह से ही तेज धूप का असर दिखाई देने लगा था और करीब 10 बजे के बाद गर्मी ने अपना तीखा रूप दिखाना शुरू कर दिया। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, वैसे-वैसे तापमान में बढ़ोतरी होती रही, जिससे लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ा।

तेज धूप और गर्म हवाओं के चलते शहर की सड़कों और बाजारों में सन्नाटा छा गया।



आमतौर पर चहल-पहल से भरे रहने वाले बाजारों में रविवार को अपेक्षाकृत कम भीड़ देखने को मिली। लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकले, जबकि अधिकांश लोगों ने दोपहर के समय घर में रहना ही उचित समझा। गर्मी का असर इस कदर था कि सार्वजनिक स्थानों पर भी लोगों की आवाजाही काफी कम हो गई। शहर के प्रमुख बाजारोंख्र बड़ा बाजार, नया बाजार, गांधी चौक, नेहरू मार्केट और कबाड़ी बाजार सहित प्रमुख चौराहों जैसे गुरुद्वारा तिराहा, फव्वारा चौक, विजय चौक और शिव चौक पर भी दिनभर सन्नाटा पसरा रहा। दुकानदारों का कहना है कि भीषण गर्मी के कारण ग्राहकों की संख्या में भारी कमी आई है, जिससे उनके व्यापार पर भी असर पड़ रहा है। खासतौर पर दोपहर के समय बाजार लगभग खाली नजर आए। गर्मी के बढ़ते प्रभाव के चलते लोग अपनी दिनचर्या में भी बदलाव कर रहे हैं। कई लोग सुबह और शाम के समय ही बाहर निकलना पसंद कर रहे हैं, जबकि दिन के समय घरों में रहकर गर्मी से बचने का प्रयास कर रहे हैं। बच्चों और बुजुर्गों को विशेष रूप से गर्मी से बचाने के लिए परिवारों द्वारा अतिरिक्त सावधानियां बरती जा रही हैं। इस मौसम में सतर्क रहने की सलाह दी है। उनका कहना है कि अत्यधिक गर्मी के कारण शरीर में पानी की कमी हो सकती है, जिससे डिहाइड्रेशन और हीट स्ट्रोक जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। इसलिए लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी पीने, हल्के और ढीले कपड़े पहनने तथा धूप में निकलने से पहले सिर को ढकने की सलाह दी गई है। विशेषज्ञों ने यह भी कहा कि दोपहर के समय अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचें और यदि बाहर जाना जरूरी हो तो सावधानी बरतें। आने वाले दिनों में तापमान और बढ़ने की संभावना जताई जा रही है, ऐसे में नागरिकों को सतर्क रहने और अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने की जरूरत है।

# विद्युत विभाग ने आपूर्ति को सुचारू रखने के लिए शहर में बदलना शुरू की विद्युत लाइन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद में बढ़ती गर्मी के साथ विद्युत आपूर्ति को सुचारु बनाए रखने के लिए विद्युत विभाग ने जर्जर और पुराने तारों को बदलने का अभियान शुरू कर दिया है। इस पहल का उद्देश्य गर्मी के मौसम में होने वाले विद्युत फॉल्ट्स और बिजली आपूर्ति में आने वाली रुकावटों को समय रहते रोकना है, ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

रविवार को विद्युत विभाग की टीम शहर के हनुमान रोड और अस्पताल कॉलोनी क्षेत्र में पहुंची, जहां लंबे समय से विद्युत लाइनों की स्थिति खराब बनी हुई थी। कई स्थानों पर तार काफी पुराने और जर्जर हो चुके थे, जिससे बार-बार फॉल्ट होने की आशंका बनी रहती थी। विभाग ने इन क्षेत्रों को प्राथमिकता में रखते हुए यहां तार बदलने का कार्य शुरू किया। अधिकारियों के अनुसार, गर्मी के मौसम में तापमान बढ़ने के साथ-साथ बिजली की मांग भी बढ़ जाती है। इसके अलावा तेज हवाएं और अधिक गर्मी पुराने तारों पर अतिरिक्त दबाव डालती हैं, जिससे वे टूटने या शॉर्ट सर्किट होने की स्थिति में आ जाते हैं। यही कारण है कि इस मौसम में बिजली आपूर्ति बाधित होने की घटनाएं बढ़ जाती हैं। इन समस्याओं से निपटने के लिए विभाग ने पहले से ही तैयारी करते हुए यह अभियान चलाया है। विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने बताया कि हनुमान रोड और अस्पताल कॉलोनी के अलावा शहर के अन्य क्षेत्रों में भी चरणबद्ध तरीके से जर्जर तारों को बदला जाएगा। इसके लिए एक विशेष कार्य योजना तैयार की गई है, जिसके तहत संवेदनशील और अधिक प्रभावित इलाकों को प्राथमिकता दी जा रही है। हालांकि, इस कार्य के दौरान कुछ समय के लिए बिजली आपूर्ति बाधित हो सकती है। इसे ध्यान में रखते हुए विभाग ने नागरिकों से सहयोग और धैर्य बनाए रखने की अपील की है। अधिकारियों का कहना है कि यह असुविधा अस्थायी है और भविष्य में बेहतर एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए यह कदम जरूरी है। इस पहल का स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि इससे गर्मी के मौसम में बिजली कटौती और फॉल्ट की समस्या में कमी आएगी।

## हनुमान धाम पर मनाया गया भगवान परशुराम का जन्मोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** श्री मंदिर हनुमान टीला हनुमान धाम शामली में अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर भगवान परशुराम का जन्मोत्सव बड़े श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर देवानंद शास्त्री, पंडित मोहित और अशोक तिवारी सहित अन्य विद्वान पंडितों द्वारा विधिवत पूजन-अर्चन एवं हवन यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम में मुख्य यजमान के रूप में गौरव कौशिक एवं उनकी पत्नी रुचि, सौरव कौशिक और उनकी पत्नी मानसी, एवं गायत्री उपस्थित रहे। सभी यजमानों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम के अंत में मंदिर के सचिव राज. कुमार मित्तल ने सभी श्रद्धालुओं एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से समाज में धार्मिक एवं सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा मिलता है। अंत में हलवे और सत्तू के प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान ब्राह्मण एकता महासभा के अनेक गणमान्य सदस्य भी शामिल हुए, जिनमें प्रमुख रूप से सत्य प्रकाश कौशिक, अशोक वशिष्ठ, विजय कौशिक, सुरेंद्र शर्मा, सहेंद्र शर्मा, राजीव, महेश शर्मा, रामकुमार शर्मा, जयप्रकाश शर्मा, महेश दत्त शर्मा, राजीव शर्मा, कैलाश चंद शर्मा, रमेश चंद शर्मा, देवानंद गोड़, सतेंद्र शर्मा, सचिन शर्मा, लो. केश शर्मा सहित दर्जनों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# मोडिफाइड साइलेंसर व प्रेशर हॉर्न में 8 बाइक सीज, 275 वाहनों के चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिडौली।** माननीय उच्च न्यायालय लखनऊ एवं यातायात निदेशालय के आदेशानुसार प्रदेशभर में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जनपद शामली में भी पुलिस ने सख्ती दिखानी शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक एन.पी. सिंह के निर्देशन में थाना झिंझाना क्षेत्र में दो दिवसीय अभियान चलाकर मोडिफाइड साइलेंसर और प्रेशर हॉर्न लगे वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई। थाना प्रभारी वीरेंद्र कसाना के नेतृत्व में सीसी टीम प्रभारी एसआई सतीश सिंह, कांस्टेबल अंकुर तोमर व कांस्टेबल गौरव तोमर द्वारा अभियान चलाते हुए 8 मोटरसाइकिलों को सीज किया गया, जबकि 275 अन्य वाहनों के चालान काटे गए। पुलिस के अनुसार, 4 बुलेट मोटरसाइकिलों में मोडिफाइड साइलेंसर पाए गए, जिन पर क्रमशः 32,500, 21,500, 23,500 और 25,500



रुपये का जुर्माना लगाकर उन्हें सीज किया गया। वहीं 4 स्प्लेंडर बाइकों में प्रेशर हॉर्न लगे होने पर 19,000, 14,500, 13,500 और 12,500 रुपये का जुर्माना लगाया गया और उन्हें भी सीज कर दिया गया। अभियान के दौरान गाड़ी वाला चौराहे पर एक बुलेट बाइक को रोकने पर चालक ने चाबी खोने का बहाना बनाकर कार्रवाई से बचने की कोशिश की, लेकिन पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए बाइक को रेहड़े में लादकर थाने पहुंचाया और विधिक कार्रवाई की।

थाना प्रभारी वीरेंद्र कसाना ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# हनी ट्रैप में फंसे युवक की आत्महत्या में एक सप्ताह बाद भी नही हुई कार्रवाई

**□ पीड़ित परिवार को मिल रही धमकियां, साथियों से भी की जा रही पैसों की मांग।**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव मलकपुर निवासी एक युवक के हनी ट्रैप में फंसकर आत्महत्या करने के मामले में एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई न होने से पीड़ित परिवार दहशत में जी रहा है। परिवार का आरोप है कि ब्लैकमेल करने वाला गिरोह लगातार कॉल और मैसेज के जरिए धमकियां दे रहा है, जबकि मृतक के एक साथी से भी पैसों की मांग की जा रही है।गांव मलकपुर निवासी बिलाल कुछ समय पूर्व व्हाट्सएप कॉल और फोन कॉल के माध्यम से हनी ट्रैप का शिकार हो गया था। आरोप है कि गिरोह ने उसे अश्लील फोटो



और वीडियो के नाम पर ब्लैकमेल करते हुए करीब तीन लाख रुपये वसूल लिए। इसके बावजूद आरो. पित लगातार उसे ब्लैकमेल करते रहे और अश्लील सामग्री उसके परिचितों को भेजने की धमकी देते रहे।लगातार हो रही ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर बिलाल ने 14 अप्रैल को दो वीडियो बनाकर क्षेत्र के जंगल में जहरीले पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या कर ली थी। घटना के बाद मृतक के भाई सुहैल ने मोबाइल का लॉक खुलवाया, जिसमें पूरे मामले का खुलासा हुआ। परिजनों के अनुसार, व्हाट्सएप क ॉल के जरिए विदेशी नंबरों, जिनमें कुछ पाकिस्तानी नंबर भी शामिल बताए गए हैं, से अश्लील फोटो भेजकर उसे डराया जा रहा था।मामले में सुहैल ने 16 अप्रैल को थाने में मुकदमा दर्ज कराया। आरोप है कि मुकदमा दर्ज होने के बाद भी गिरोह सक्रिय है और लगातार कॉल व मैसेज के जरिए परिवार को धमका रहा है। परिजनों का कहना है कि आरो. पियों अशोभनीय भाषा का प्रयोग करते हुए गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दे रहे हैं, जिससे परिवार मानसिक और आर्थिक रूप से टूट चुका है।बताया गया है कि मृतक के साथी शहजाद के फोन पर भी अज्ञात नंबरों से कॉल कर पैसों की मांग की जा रही है। पीड़ित परिवार ने पुलिस प्रशासन से सुरक्षा प्रदान करने और आरो. पियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि मामला साइबर क्राइम से जुड़ा है और साइबर टीम जांच में जुटी हुई है। जल्द ही उचित कार्रवाई की जाएगी।

# लेंटर के विरोध पर महिलाओ से मारपीट

**□ दो महिलाएं अस्पताल मे भर्ती ,एक आरोपी पकडा।**

चौसाना। खोडसमा मे रविवार की सुबह को देवेन्द्र निर्माणाधीन मकान पर लेंटर डलवा रहा था। उसी दौरान पडोस के बादल पुत्र शिवकुमार,अमृता पत्नी शिव कुमार, मधू पुत्र शिवकुमार ,शिवकुमार पुत्र कर्मचंद आये और गाली गलौच करते हुए मारपीट करने लगे। आरोपियो के हमले मे राधा पत्नी देवेन्द्र सिह,उर्मिला पत्नी स्व0 रामश्वेर, सीमा पत्नी सुखविन्द्र सिंह को गम्भीर चोटे आई है। आरोप है कि हमलावरो ने सरिये से पीटा। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुॅची और पीडिता सीमा व राधा को अस्पताल मे भर्ती कराया। वही आरोपी बादल को हिरासत मे लिया गया। चौसाना चौकी क्षेत्र के



गांव खोडसमा मे देवेन्द्र पुत्र राम श्वेर अपने मकान पर लेंटर की तैयारी कर रहा था। आरोप है कि उसी दौराप पडोस के बादल आदि ने मिलकर विरोध शुरू कर दिया। देवेन्द्र के परिवार के महिलाओं ने बादल व उसके परिवार के लोगो का विरोध किया तो गाली गलौच होने लगी। जिसके बाद बादल व अमृता पत्नी शिवकुमार,मधू पुत्र शिवकुमार, शिवकुमार पुत्र कर्मचंद ने मिलकर मौके से ही सरिया,करनी व लाठीडंडे उठाकर जानलेवा हमला दिया । जिसमे देवेन्द्र के परिवार की राधा पत्नी देवेन्द्र सिह,उर्मिला पत्नी स्व0 राम श्वेर, सीमा पत्नी सुखविन्द्र सिंह को गम्भीर चोटे आई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुॅची और घायलो को अस्तपाल मे भर्ती कराया ।

देवेंद्र ने आरोपियो के खिलाफ प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। वही पुलिस नें बादल को हिरासत मे लेकर शान्तिभंग मे चालान कर दिया। वही दूसरी ओर घटना से सम्बधित एक विडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है,जिसके देखकर लोग कडी कार्यवाही की मांग कर रहे है। विडियो मे हमलावर करूर तरीके से महिलाओ को पीटते दिख रहे है। पुलिस चौकी प्रभारी संदीप यादव का कहना है कि विडियो की जानकारी मिली है। मेडिकल रिपोर्ट मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जायेगा।

# पुलिस ने टैक्स चोर को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर कोतवाली पुलिस और सर्विलांस टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए जीएसटी चोरी के एक बड़े मामले का खुलासा किया है। पुलिस ने इस प्रकरण में एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है, जो फर्जी बिलों के जरिए सरकारी राजस्व को भारी नुकसान पहुंचा रहा था। आरोपी लंबे समय से कागजी लेन-देन दिखाकर टैक्स चोरी की गतिविधियों में लिप्त था।

रविवार को पुलिस लाइन शामली में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान एसपी एनपी सिंह ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान विशाल राजवंशी पुत्र श्योजीराम राजवंशी निवासी नोरपुरा, टोंक (राजस्थान) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि आरोपी फर्जी दस्तावेजों और बिलों के माध्यम से जीएसटी इनपुट टैक्स क्रेडिट का दुरुपयोग कर रहा था, जिससे सरकार को करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान हुआ। एसपी ने आगे बताया कि विशाल राजवंशी ने ह्वी.आर ट्रेडर्सह्न नाम से एक फर्जी फर्म बनाई थी। इस फर्म का पंजीकरण उसने 15 जनवरी 2025 को फर्जी आधार कार्ड और अन्य दस्तावेजों के आधार पर कराया था। इसके बाद आरोपी ने कई अन्य फर्मों के नाम पर केवल कागजों में खरीद-फरोख्त दर्शाकर जीएसटी चोरी का खेल शुरू कर दिया। वास्तव में इन लेन-देन का कोई भौतिक अस्तित्व नहीं था। जब जीएसटी विभाग को इस गतिविधि पर संदेह हुआ तो उन्होंने फर्म की जांच की। जांच के दौरान पाया गया कि ह्वी.आर ट्रेडर्सह्न नाम की फर्म केवल कागजों में ही मौजूद है और उसका कोई वास्तविक कार्यालय या व्यापारिक संचालन नहीं है। इसके बाद 27 जनवरी 2025 को जीएसटी विभाग ने इस फर्म का रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने अधिक पैसा कमाने के लालच में यह फर्जी फर्म बनाई थी और फर्जी बिलों के जरिए टैक्स चोरी की। उसने यह भी कबूला कि उसकी फर्म का रजिस्ट्रेशन रद्द हो जाने के बावजूद वह धोखाधड़ी करने की कोशिश में लगा हुआ था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है। साथ ही इस मामले से जुड़े अन्य पहलुओं और संभावित सहयोगियों की जांच भी की जा रही है, ताकि पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जा सके।

# शिव मंदिर में श्रद्धा के साथ मनाई गई भगवान परशुराम जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधल।** थाना क्षेत्र कस्बा एलम के प्राचीन शिव मंदिर परिसर में भगवान परशुराम जयंती श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर समिति की ओर से विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन-यज्ञ से हुई, जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुति देकर समाज और देश की खुशहाली की कामना की। मंदिर के पुजारी अनुपम शर्मा ने भगवान परशुराम के जीवन और आदर्शों



पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे न्याय, धर्म और सत्य के प्रतीक थे।पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर भगवान परशुराम के जयकारों से गुंजायमान रहा। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान समिति के पदा. धिकारी और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर हवन यज्ञ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिडौली।** स्थित भगवान परशुराम चौक पर भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर भव्य हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के प्रदेश महासचिव विजय कौशिक व कांग्रेस के प्रदेश महासचिव अश्वनी शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीपक शर्मा व आशू शर्मा द्वारा विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ हवन पूजन से की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे और सभी ने आहुति देकर भगवान परशुराम से सुख-समृद्धि की कामना की। इस



मौके पर रालोद के प्रदेश महासि. चव विजय कौशिक ने कहा कि अक्षय तृतीया के दिन भगवान परशुराम का अवतरण हुआ था और यह दिन उनके जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम किसी जाति विशेष के विरोधी नहीं थे, बल्कि उन्होंने हमेशा अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाई और अन्याय के विरुद्ध संघर्ष किया। वहीं कांग्रेस के प्रदेश महासचिव अश्वनी शर्मा सींगरा ने कहा कि भगवान परशुराम सभी के आराध्य हैं और उनके आदर्श समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने बताया कि भगवान परशुराम चौक के निर्माण में क्षेत्राकी छत्तीस बिरादरी के लोगों का सहयोग रहा है, जो सामाजिक एकता का प्रतीक है। साथ ही उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि भगवान परशुराम जयंती को सरकारी अवकाश घोषित किया जाए। अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के युवा मंडल अध्यक्ष अ श्वनी कौशिक हथछोया ने कहा कि परशुराम जन्मोत्सव को लेकर युवाओं में जागरूकता बढ़ रही है और यह समाज के लिए सकारात्मक संकेत है। इसके अलावा गोरक्षा जिलाध्यक्ष वीशू शर्मा, रालोद नेता मेनपाल ऊदपुर ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि भगवान परशुराम पूरे समाज के भगवान हैं और उनके संदेश को अपनाना चाहिए। कार्यक्रम में सुमित भारद्वाज एडवोकेट, अमन शर्मा, अजीत शर्मा, हितेश शर्मा, सोनू रामड़ा, अंशुल भारद्वाज, पीयूष शर्मा, अभिराज भारद्वाज, शुभम किवाना, जोनी शर्मा, सौरव भारद्वाज, अवधेश शर्मा, विपिन शर्मा, राजीव शर्मा, सचिन मुद. गिल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# ब्राहमण महासभा ने परशुराम जयंती पर की विचार गोष्ठी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर अखिल भारतवर्षीय ब्रहमण महासभा द्वारा शहर के चौधरी चरण सिंह बारातघर में हवन यज्ञ और विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें जिलेभर से पहुंचे ब्रहमण समाज के लोगों ने यज्ञ में आहुति दी और भगवान परशुराम के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला।

रविवार को शहर के चौधरी चरण सिंह बारातघर में अखिल भारतवर्षीय ब्रहमण महासभा द्वारा भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें ब्रहमण समाज के लोगों ने आहुति प्रदान की। इसके बाद एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित बीडी शर्मा, महामंत्री शिवमोहन शर्मा तथा कार्यक्रम संयोजक पंडित ओमप्रकाश शर्मा ने भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होओं ने कहा कि भगवान परशुराम का जन्म महर्षि भृगु के पुत्र महर्षि जमदग्नि और उनकी पत्नी रेणुका से हुआ था। उनका जन्म वैशाख शुक्ल तृतीया को हुआ था और वह विष्णु के छठे अवतार के रूप में प्रसिद्ध हैं। बताया कि भगवान परशुराम ने कठिन तपस्या के बाद भगवान शिव से 'परशु नामक अस्त्र प्राप्त किया, जिससे उनका नाम परशुराम पड़ा। इसके साथ ही उन्होंने शस्त्र विद्या के महान गुरु के रूप में भीष्म पितामह, गुरु द्रोणाचार्य और कर्ण को शिक्षा दी। इस दौरान समाज के गणमान्य लोगों को सम्मानित भी किया गया।

मौके पर त्रिभुजन शर्मा, चिन्मय भारद्वाज, ओमप्रकाश शर्मा, अंजु अग्निहोत्री, लोकेश वत्स, राकेश शर्मा, चंद्र शर्मा, सतीश शर्मा, प्रेमकिशोर कोठारी, राजकुमार शर्मा, सुभाषचंद शर्मा, जनेश्वर प्रसाद शर्मा, नरेन्द्र शर्मा, डा. उनेन्द्र शर्मा, विकास शर्मा एडवोकेट आदि मौजूद रहे।



